[This question paper contains 10 printed pages.]

**7977**

*Your Roll No. .............*

*आपका अनुक्रमांक .............*

**LL.B./IV Term** **ES**

Paper LB–402 – ADMINISTRATIVE LAW

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Answer any* **Five** *of the following.*

**All** *questions carry equal marks.*

*कुल* **पाँच** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) "Indian Constitution has not indeed recognized the doctrine of separation of power in its absolute, rigidity, but the functions of the different branches of the government have been sufficiently differentiated..." Analyse the statement in the light of the provisions of the Constitution of India.

(b) Critically examine the statement that "the Right to Information Act, 2005 ensures accountability and transparency of the administration." (20)

(क) "भारत के संविधान ने अपनी आत्यंतिक अनम्यता में शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धान्त को कदाचित मान्यता प्रदान नहीं की है किन्तु सरकार की विभिन्न शाखाओं के कृत्यों को पर्याप्त रूप में विभेदीकृत किया गया है।" भारत के संविधान के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए उक्त कथन का विश्लेषण कीजिए।

(ख) इस कथन की समीक्षात्मक जांच कीजिए कि सूचना का अधिकार, अधिनियम, 2005 प्रशासन की जवाबदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

2. Decide the validity of the following legislative provisions. Elucidate your answer in the light of decided cases.

(a) "The State Government is empowered to repeal an antiquated State enactment on cinema theatre

license in case the Government decides to apply a modern law applicable on the subject in another State."

(b) Power to "impose 'house tax' is conferred on the Municipal Corporations in the State for the "purposes of the Act." (20)

निम्नलिखित वैधानिक उपबंधों की वैधता का विनिश्चय कीजिए। विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए।

(क) राज्य सरकार यदि सिनेमा थियेटर लाइसेंस पर अन्य राज्य में अनुप्रयोज्य आधुनिक विधि को लागू करने का निर्णय करती है तो वह सरकार उक्त विषय पर लागू पुरातनिक राज्य अधिनियमिति को निरस्त करने के लिए सशक्त है।

(ख) 'अधिनियम के प्रयोजनों' हेतु राज्य में नगर निगम को गृहकर अधिरोपित करने की शक्ति प्रदत्त की जाती है।

3. (a) Distinguish between delegated legislation and conditional legislation. Explain your answer in the light of decided cases.

(b) Explain the conditions under which a writ of *'certiorari'* may be issued in India ? Substantiate your answer with decided cases.

(क) प्रत्यायोजित विधान और सशर्त विधान के बीच भेद सुस्पष्ट कीजिए । अपने उत्तर को विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट कीजिए ।

(ख) उन शर्तों को स्पष्ट कीजिए जिनके अन्तर्गत भारत में उत्प्रेषण की रिट जारी की जा सकती है । अपने उत्तर को विनिश्चित केसों से पुंष्ट कीजिए ।

4. (a) A law empowered the government to exempt new Cement Factories or other Cement factories which have modernized the manufacturing process to reduce pollution, from the payment of Sales Tax for three years. The government by way of policy decided not to grant exemption to the Private Cement Factories. Aggrieved by the decision of the government, the Private Cement Factories Consortium (PCFC) decides to challenge the decision of the government. Advice the PCFC indicating the possibility of success in the Court. Explain your position in the light of decided cases, if any.

(b) A legislation on Prisons Administration empowered the State Home Secretary to direct the Superintendent of Prisons to examine the legal correspondences of the prisoners and to do anything for this purpose, as he deems fit, if he has reasonable cause to suspect a prisoner. While an under-trial prisoner

was discussing his case with his lawyer, a jail official under the instructions of the Prison Superintendent insisted that he also would be present during the discussion and record the entire conversation. The lawyer raised objection to this and decides to challenge this action of the Prison authorities in the Supreme Court. Prepare a brief note for the lawyer, citing the law including decisions of Courts applicable in the situation.

(20)

(क) एक विधि ने सरकार को नई सीमेंट फैक्टरियों या अन्य ऐसी सीमेंट फैक्टरियों, जिन्होने प्रदूषण कम करने के लिए विनिर्माण प्रक्रिया का आधुनिकीकरण कर लिया है, को तीन वर्षो के लिए बिक्री-कर से छूट देने के लिए सशक्त किया है। सरकार ने नीति के अनुसार प्राइवेट सीमेंट फैक्टरियों को छूट न मंज़ूर करने का विनिश्चय किया है। सरकार के विनिश्चय से व्यथित प्राइवेट सीमेंट फैक्टरीज कॉनसॉरशिअम ने सरकार के निर्णय को आक्षेपित करने का विनिश्चय किया है। न्यायालय में सफलता की संभाव्यता का संकेत देते हुए प्राइवेट सीमेंट फैक्टरीज कॉनसॉरशिअम का सलाह दीजिए। विनिश्चित केसों, यदि कोई हैं, को ध्यान में रखते हुए अपनी स्थिति स्पष्ट कीजिए।

(ख) कारागार प्रशासन पर एक विधान ने राज्य के गृह सचिव को सशक्त किया है कि वह कैदियों के विधिक पत्राचार की जांच करें तथा

यदि उसके पास किसी क़ैदी पर संदेह करने का युक्तियुक्त कारण हो तो इस प्रयोजन के जो कारवाई वह ठीक समझता है वह कारवाई करे। जब एक विचारणाधीन कैदी अपने केस पर अपने अधिवक्ता के साथ चर्चा कर रहा था, कारागार अधीक्षक के अनुदेशों के अन्तर्गत एक जेल कर्मचारी नें आग्रह किया कि चर्चा के दौरान वह भी उपस्थित रहेगा तथा समस्त वार्तालाप को रिकार्ड करेगा। अधिवक्ता ने इस पर आपत्ति उठाई और उच्चतम न्यायालय में कारागार प्राधिकारियों की इस कार्रवाई को आक्षेपित करने का विनिश्चय किया। इस स्थिति में लागू किए जा सकने वाले न्यायालयों के विनिश्चयों सहित विधि का हवाला देते हुए अधिवक्ता हेतु एक नोट तैयार कीजिए।

5. (a) An employee was facing departmental enquiry for misconduct. The employer appointed one of its law officers as the presenting Officer. Under the Standing Orders as applicable to the establishment, the employee was allowed the services of a co-employee during the enquiry. The employee's request to appoint a lawyer to assist him was turned down by the Enquiry Officer. On the basis of the enquiry report, the employee was dismissed. The employee alleges that he could not get proper defence, resulting in his dismissal. He appoints you as his lawyer. Prepare your legal arguments citing relevant case law.

(b) "The position has been clearly recorded ... that even though the legislature can transfer judicial power from a traditional court, to an analogous court/tribunal with a different name, the court/tribunal to which such power is transferred, should be possessed of the same salient characteristics, standards and parameters, as the court the power whereof was being transferred". [*Madras Bar Association* v. *Union Of India and another,* decided by the Supreme Court on 25 September, 2014]

Critically examine the above statement in the light of the different pronouncements of the Supreme Court on the issue of excluding jurisdiction of Courts and conferring the same on specialized Tribunals. (20)

(क) एक कर्मचारी अवचार हेतु विभागीय जांच का सामना कर रहा था। नियोक्ता ने अपने एक विधि अधिकारी को प्रस्तोता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया था। इस स्थापना पर यथाअनुप्रयुक्त स्थायी आदेशों के अन्तर्गत कर्मचारी को जांच के दौरान सह-कर्मचारी की सेवा लेने की अनुमति थी। जांच अधिकारी ने कर्मचारी का उसकी सहायता करने के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने का अनुरोध ठुकरा दिया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया गया। कर्मचारी अभिकथन करता है कि उसे उचित

प्रतिरक्षा नहीं मिल सकी जिसके फलस्वरूप उसकी बर्खास्तगी हुई। वह आपको अपना अधिवक्ता नियुक्त करता है। सुसंगत निर्णय विधि का हवाला देते हुए अपने लिए विधिक तर्क तैयार कीजिए।

(ख) स्थिति का स्पष्टत: रिकार्ड कर लिया गया है....... कि हालांकि विधानमंडल न्यायिक शक्ति को पारम्परिक न्यायालय से भिन्न नाम वाले सदृश न्यायालय/अधिकरण को अंतरित कर सकता है, न्यायालय/अधिकरण के पास जहां ऐसी शक्ति स्थानांतरित की गई है, वही प्रमुख विशेषताएं, मानक और प्राचल होने चाहिए जैसे कि उस न्यायालय के पास थे जहां से शक्ति अंतरित की गई थी। [*Madras Bar Association* v. *Union Of India and another,* decided by the Supreme Court on 25 September, 2014]

न्यायालयों की अधिकारिता अपवर्जित करने और उसे विशिष्टीकृत अधिकरणों को प्रदत्त करने के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के विभिन्न उद्घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त कथन की समीक्षात्मक जांच कीजिए।

6. (a) Discuss the concept of rule against 'bias'. Does this principle apply in all situations ?

(b) Adit, head of the department, wrote confidential reports in respect of two of his employees, named Ramesh and Suresh. While he praised the work of Suresh and gave him "very Good" rating, he gave "Poor" rating to Ramesh. Both Ramesh and Suresh

appeared before a departmental committee for promotion which included Adit as a member. Suresh was selected for promotion and Ramesh was rejected. Will Ramesh succeed if he challenges the selection ? Substantiate your answer. (20)

(क) पक्षपात के विरूद्ध नियम की संकल्पना का विवेचन कीजिए। क्या यह सिद्धान्त सभी स्थितियों पर लागू होता है ?

(ख) विभागाध्यक्ष अदित ने रमेश और सुरेश नामक अपने दो कर्मचारियों के बारे में गोपनीय रिपोर्ट भरीं। जबकि उसने सुरेश के कार्य की प्रशंसा की और उसे 'बहुत अच्छा' की रेटिंग दी– उसने रमेश को 'खराब' रेटिंग दी। रमेश और सुरेश दोनों प्रोन्नति हेतु विभागीय समिति के समक्ष उपस्थित हुए जिसमें अदित एक सदस्य था। सुरेश प्रोन्नति हेतु चुन लिया गया तथा रमेश अस्वीकृत कर दिया गया। यदि रमेश चयन को आक्षेपित करता है तो क्या वह सफल होगा ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

7. (a) What do you understand by 'prerogative writs' ? What is the scope of the power exercised by the Supreme Court and the High Courts under Article 32 and 226 ?

(b) Briefly explain the different control mechanism over delegated legislation. When can laying requirement and publication be considered to be mandatory ? (20)

(क) विशेषाधिकार रिटों से आपका क्या अभिप्राय है ? अनुच्छेद 32 और 226 के अधीन उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों द्वारा प्रयुक्त शक्तियों की क्या परिव्याप्ति है ?

(ख) प्रत्यायोजित विधान के ऊपर विभिन्न नियंत्रण तंत्र की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए । लेइंग रिक्वायरमेंट (laying requirement) और प्रकाशन को आदेशात्मक माना जा सकता है ?

8. Write short notes on any **two** of the following :

(a) Speaking Order

(b) Wednesbury Principle

(c) Difference between Articles 226 and 227 of the Constitution of India (20)

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) आख्यात्मक आदेश

(ख) वेडनसबरी सिद्धान्त

(ग) भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 और 227 के बीच भिन्नता